देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 228 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
कांग्रेस की मुश्किल



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023



मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 10.0°

71367.89

2 मेलोनी ने मुसलमानों को दी चेतावनी
7 धोनी के रहते हुए पार्थिव पटेल रहे बाहर

# लोकसभा में फिर अनुशासन का डंडा

## संसद के शीतकालीन सत्र से विपक्ष के 78 सांसद निलंबित, स्पीकर ने लिया बड़ा ऐक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राज्यसभा और लोकसभा में आज कुल 78 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में हंगामे पर आसन ने सख्त कार्रवाई करते हुए 33 सांसदों को निलंबित कर दिया जबकि राज्यसभा में सभापति ने 45 विपक्षी सांसदों को सस्पेंड कर दिया। लोकसभा में विपक्षी सांसदों के तख्तियां दिखाने को लेकर ये कार्रवाई की है। निलंबित सांसदों में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी शामिल हैं। इसके अलावा राज्यसभा में कांग्रेस के जयराम रमेश को भी निलंबित कर दिया गया है। आसन ने सभी सांसदों को शीतकालीन सत्र के बचे हुए कार्यदिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने की मांग रखी। इसके बाद आसन ने इन सदस्यों को सस्पेंड कर दिया। लोकसभा में गत शुक्रवार को 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था। इस प्रकार राज्यसभा और लोकसभा मिलाकर कुल 92 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया जा चुका है।

सांसदों को निलंबित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। गौरतलब है कि स्पीकर ओम बिरला ने सभी सदस्यों से सदन में प्लेकार्ड यानी तख्तियां नहीं लाने का आग्रह किया था। लेकिन संसद की सुरक्षा में चूक के मामले पर विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां आसन के सामने दिखा रहे थे। यही नहीं, लोकसभा में विपक्षी सांसद अब्दुल खालिक, विजय वसंत और के जयकुमार के मामले को प्रिवलेज कमिटी को भेज दिया गया है।

राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, के सी वेणुगोपाल और रणदीप सुरजेवाला को भी निलंबित कर दिया है। राज्यसभा सभापति ने प्लेकार्ड दिखाने को लेकर ये सख्त फैसला लिया है। सदस्यों को निलंबन के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने विपक्षी सांसदों के रवैये पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने आज सदन में अभद्र व्यवहार किया।

### संसद में आकर बयान दें गृह मंत्री शाहः अधीर रंजन

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मुझ समेत सभी नेताओं को निलंबित कर दिया गया है। हम कई दिनों से मांग कर रहे हैं कि हमारे जिन सांसदों को पहले निलंबित किया गया था, उन्हें बहाल किया जाए और गृह मंत्री सदन में आकर बयान दें। वो रोज टीवी पर बयान देते हैं और संसद की सुरक्षा के लिए सरकार क्या कर रही है, इस पर भी उन्हें संसद में बयान देना चाहिए।




### विपक्ष हुआ लाल

सरकार की कार्रवाई के बाद विपक्ष लाल है। अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार का काम है सदन चलाना। हमें निलंबित करके आवाज दबाई जा रही है। वहीं, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार हमारी आवाज दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार गृह मंत्री अमित शाह को बचाना चाहती है। चौधरी ने कहा कि हम पिछले दो दिन से अपने पहले निलंबित किए गए सांसदों का निलंबन खत्म करने की मांग कर रहे थे। हम संसद में सुरक्षा चूक पर बहस की मांग कर रहे थे।

### सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के अपने-अपने तर्क

सांसदों को निलंबित करने और हंगामे के पीछे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के अपने–अपने तर्क हैं। एक ओर विपक्ष की मांग है कि संसद में जो सुरक्षा चूक हुई है उस पर गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें। पीएम मोदी की इस मुद्दे पर टिप्पणी के बावजूद गतिरोध खत्म नहीं हो रहा। इसका असर सोमवार को देखने को मिला। विपक्षी सांसदों ने इस निलंबन पर कहा कि सरकार तानाशाही पर उतर आई है। वहीं सत्ता पक्ष की ओर से कहा गया कि सदन में अवरोध की वजह से यह कार्रवाई की गई है। विपक्ष बार–बार हंगामा कर रहा है। सरकार सभी मामलों पर चर्चा के लिए तैयार है। अभी जांच चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू कश्मीर और लद्दाख में भूकंप, 5.5 की तीव्रता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जम्मू। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख में सोमवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जम्मू, श्रीनगर, पुंछ, किश्तवाड़, कारगिल समेत दोनों प्रदेशों के कई हिस्सों में भूकंप के झटके लगे। एक घंटे के भीतर चार बार धरती कांपी। सबसे पहला झटका दोपहर तीन बजकर 48 मिनट पर लगा। इसके बाद दूसरा झटका तीन बजकर 57 मिनट पर महसूस किया गया। इन दोनों झटकों का केंद्र लद्दाख का कारगिल क्षेत्र रहा।

### पीएम मोदी ने वाराणसी को दी एक और वंदेभारत ट्रेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को 20 हजार करोड़ की सौगात के साथ ही एक और वंदेभारत ट्रेन का तोहफा दिया। वाराणसी से ही देश की पहली वंदेभारत ट्रेन पीएम मोदी ने शुरू की थी। इससे पहले मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर धाम का भी लोकार्पण किया।

# वाराणसी कोर्ट में पेश की गई ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट

## एएसआई ने पेश की हजार पन्नों की रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एएसआई के सर्वे रिपोर्ट पर हर किसी की नजर टिक गई है। अदालत के आदेश पर एएसआई ने साइंटिफिक सर्वे का काम पूरा कराया गया। सर्वे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद रिपोर्ट देने को लेकर लगातार एएसआई की ओर से समय की मांग की जा रही थी। अब तक चार बार रिपोर्ट जमा किए जाने को लेकर समय की मांग की गई। वाराणसी कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान एएसआई को 18 दिसंबर को सर्वे रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया। सोमवार को एएसआई की टीम वाराणसी कोर्ट पहुंची।

जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सर्वे रिपोर्ट को जमा कराया गया है। रिपोर्ट के जमा कराए जाने के साथ ही कोर्ट परिसर में हलचल तेज हो गई। इस सर्वे रिपोर्ट के आधार पर श्रृंगार गौरी केस का भविष्य काफी हद तक टिका हुआ है। इसके अलावा मस्जिद पर हिंदू पक्ष के दावों को भी रिपोर्ट से बड़ा बल मिल सकता है। ऐसे में सर्वे रिपोर्ट को जमा किए जाने की सुगबुगाहट के बीच मुस्लिम पक्ष भी एक्टिव हुआ। मुस्लिम पक्ष की ओर से एएसआई की सर्वे रिपोर्ट की मांग की गई है।

एएसआई ने जिला कोर्ट में साइंटिफिक सर्वे की रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट को पेश करने एएसआई के अधिकारी वाराणसी कोर्ट परिसर पहुंचे। दावा किया जा रहा है कि एएसआई ने करीब हजार पन्नों की रिपोर्ट कोर्ट में सौंपी है।

### अच्छी रिपोर्ट आएगी, वकील का दावा

हिंदू पक्षकार के वकील विष्णु शंकर जैन ने दावा किया है कि अच्छी रिपोर्ट आएगी। अभी हमें रिपोर्ट की कॉपी नहीं मिली है। कॉपी मिलने के बाद इसका अध्ययन करेंगे। वकील ने कहा कि कोर्ट में एएसआई ने रिपोर्ट पेश कर दी है। सर्वे में तीन माह से अधिक समय लगा था। एएसआई की 40 सदस्यीय टीम ने सर्वे किया। इसकी रिपोर्ट में हिंदू प्रतीक चिह्नों के पाए जाने पर रिपोर्ट आनी है। मुस्लिम पक्ष पूरा जोर लगा रहा है कि इस रिपोर्ट को किसी भी स्थिति में सार्वजनिक नहीं होने दिया जाए।

# तराई क्षेत्र की विश्व में लघु भारत के रूप में बन रही पहचान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को रूद्रपुर में आयोजित युवा सिक्ख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तराई को आबाद करने में सिक्ख समाज का बहुत बड़ा योगदान है। प्रथम गुरू गुरूनानक से लेकर दशमेश गुरूओं के आशीर्वाद से यह धरती लगातार कृषि, उद्योग एवं विकास की दृष्टि में लघु भारत का संदेश पूरे विश्व में दे रही है। उन्होंने कहा कि गुरूनानक जी से लेकर गुरू तेगबहादुर जी तक समस्त गुरूओं ने राष्ट्र को प्रथम रखा और पूरे राष्ट्र और धर्म को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया, इसके लिए उन्होंने कुर्बानिया भी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1947 में देश का विभाजन हुआ और विभाजन विभीषिका पर शहीदों को याद करने, उनको स्मरण करने के लिए पूरे देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जाता है। उन्होंने रुद्रपुर में विभाजन विभीषिका स्मृति स्थल का निर्माण जल्दी कराये जाने की घोषणा की। आनन्द कारज एक्ट के संबंध में मंत्रिमंडल ने जो निर्णय लिया है, उसे जल्दी लागू करने तथा पांच लाख तक किसानों के लोन पर स्टाम्प ड्यूटी की छूट पहले की तरह जारी रखे जाने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही।

वर्ग चार की जो नियमितीकरण की पोलिसी है, उसको अभी आगे बढ़ाया जायेगा। अमृतसर तक के लिए ट्रेन चले, इसके लिए पुनः रेलमंत्री से आग्रह करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया।

**सम्मेलन**

■तराई को आबाद करने में सिख समाज का है बड़ा योगदानःसीएम

### उलझे हुए मामलों को सुलझाने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेत्तव में डबल इंजन की सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है हर उलझे हुए मामलों को सुलझाने का हमारा निरंतर प्रयास रहता है।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# ना जिंदा कह सकता है ना मुर्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। दाऊद इब्राहिम को कराची में उसके घर पर ही जहर दे दिए जाने की भारत समेत दुनिया के कई देशों में चर्चा है लेकिन पाकिस्तान इस पर एकदम चुप्पी साधे बैठा है।

पाकिस्तान की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पाकिस्तान सबकुछ सुनकर अनसुना करने के मोड में दिख रहा है। पाक इस मामले को दबाने की कोशिश में है, ऐसे में अस्पताल के आसपास भी किसी को फटकने नहीं दिया जा रहा है। दाऊद की हालत के बारे में भी पाकिस्तान से कोई जानकारी नहीं सामने आ रही है। दाऊद के रिश्तेदारों ने जरूर उसकी हालत के बारे में जानकारी दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दाऊद की सेहत के बारे में सही जानकारी लेने के लिए मुंबई पुलिस की एक टीम ने डॉन के परिवार से बात की है।

दाऊद के परिवार के कई सदस्य मुंबई में भी रहते हैं। मुंबई में रहने वाले दाऊद के भतीजे ने पुलिस के सामने माना है कि उसकी हालत ठीक नहीं है। कराची में दाऊद को जिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहां काफी कड़ी सुरक्षा है।

### दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान के लिए बना गले की हड्डी

## न्यूज डायरी



### गीर्ट विल्डर्स ने भारत से मिले संदेशों के लिए कहा है धन्यवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** एम्सटरडैम। नीदरलैंड के हालिया चुनाव में जीत हासिल कर पीएम बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे गीर्ट विल्डर्स ने हिन्दुओं को लेकर बयान दिया है। इसमें खासतौर से भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश का जिक्र है। धुर दक्षिणपंथी नेता गीर्ट ने भारत का जिक्र करते हुए कहा है कि उनको बहुत से भारतीयों के जीत की बधाई वाले संदेश मिले हैं, जिन्हें देखकर उनको खुशी हुई। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिन्दू अल्पसंख्यकों के लिए उनके मन में चिंता रहती है क्योंकि अपने मजहब की वजह से वहां उनको परेशान किया जाता है। गीर्ट विल्डर्स ने लिखा, डच चुनाव जीतने पर दुनिया भर से मुझे बधाई देने वाले मेरे सभी दोस्तों को बहुत–बहुत धन्यवाद। भारत से भी कई तरह के बधाई वाले संदेश आए। मैं हमेशा उन हिंदुओं का समर्थन करूंगा जिन पर केवल हिंदू होने के कारण बांग्लादेश और पाकिस्तान में हमला किया जाता है। उनको उनके धर्म की वजह से मारपीट सहनी पड़ती है और उनको मारने की धमकी दी जाती है। कई बार धर्म की वजह से उनको मुकदमा का भी सामना करना पड़ता है। गीर्ट विल्डर्स भारत में उस समय भी चर्चा में रहे थे, जब उन्होंने बीते साल उस समय की भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा का समर्थन किया था। नूपुर शर्मा पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रही थीं।

### इजरायली सेना को मिली गाजा की सबसे बड़ी सुरंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गाजा पट्टी। इजरायल डिफेंस फोर्स, आईडीएफ ने गाजा में एक बड़ी सुरंग को खोज निकाला है। ये सुरंग गाजा में हमास चीफ याह्या सिनवार के भाई और उसके राइट हैंड मुहम्मद सिनवार ने खुद बनवाई थी। सुरंग चार किलोमीटर लंबी और 50 मीटर गहरी है, इसमें लड़ाई के लिए कई तरह के इंतजाम भी किए गए थे। रविवार को आईडीएफ ने इस सुरंग का पर्दाफाश करते हुए कहा कि ये हमास का रणनीतिक तौर पर एक अहम ठिकाना था। जिसे अब इजरायली सेना ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। हालांकि इससे हमास के लोग पहले ही जा चुके थे। आईडीएफ का कहना है कि यह सुरंग गाजा में अब तक पाई गई सबसे बड़ी और लंबी सुरंग है। ये उत्तरी गाजा के सिरे को जबालिया और उत्तरी गाजा के दक्षिणी छोर तक जोड़ती है और नागरिक क्षेत्रों से होकर गुजरती है। आईडीएफ के मुताबिक सुरंग से मिली हमास की वीडियो सर्विलेंस सहित विभिन्न खुफिया वस्तुओं से ये पहचान हुई है कि यहां मुहम्मद सिनवार रहा है और ये इससे जुड़ी है। गाजा में युद्ध शुरू होने से पहले यहां हमास के लोग थे लेकिन जंग शुरू होने के बाद से सिनवार और दूसरे सीनियर कमांडर इस सुरंग में नहीं आए।

### इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने मुसलमानों को दी चेतावनी


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा है कि इस्लामिक संस्कृति और यूरोप का कल्वर आपस में मेल नहीं खाता है। ऐसे में इस्लाम की यूरोप में इसके लिए कोई जगह नहीं है। मेलोनी ने कहा कि इटली में इस्लाम के सांस्कृतिक केंद्रों को सऊदी अरब की ओर से फंडिंग की जा रही है, जहां शरिया कानू लागू है। यूरोप में जो इस्लामीकरण की प्रक्रिया चलाने की कोशिश की जा रही है, वह हमारी सभ्यता के मूल्यों से बहुत दूर है। ऐसे में मुसलमान यूरोप से दूर रहें। इटली पीएम ने इस्लामी सभ्यता के यूरोप से दूर रहने को ही बेहतर बताते हुए कहा कि हमारी सभ्यता के मूल्यों और इस्लामी मूल्यों के बीच सामंजस्य ही नहीं है, ये दोनों परस्पर विरोधी हैं। जॉर्जिया मेलोनी की ये टिप्पणी ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने यूरोप के कल्वर को अवैध प्रवासियों से खतरा होने की बात कही है। दरअसल प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने हालिया इटली दौरे पर कहा है कि अवैध प्रवासियों की बढ़ती संख्या से यूरोप का समाज अस्थिर हो जाएगा। ऐसे में हमें अपने कानूनों को अपडेट करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बातचीत की जरूरत है। जिससे अवैध प्रवासियों की समस्या और यूरोप को प्रभावित होने से बचाया जा सके।

# रूस को फिर आई दोस्त भारत की याद

रिपोर्ट

## मालामाल करने जा रहे पुतिन, मुंह देखता रह जाएगा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मास्को। यूक्रेन युद्ध के बीच भारत को दोस्त रूस अरबों डॉलर की बड़ी छूट देने जा रहा है। दुनियाभर में तेल की घटती डिमांड के बीच रूस अब भारत को तेल पर दी जाने वाली छूट को लगभग दोगुना करने जा रहा है। रूस अभी भारत को एक बैरल तेल पर 4 से 6 डॉलर की छूट दे रहा है जो जल्द ही अब बढ़कर 10 से 12 डॉलर तक पहुंच सकती है। रूस के दोगुना छूट दिए जाने के बाद अब भारत की तेल कंपनियां मास्को से तेल की खरीद को काफी ज्यादा बढ़ा सकती हैं। इससे पहले भारत ने रूस से अपनी तेल पर निर्भरता को कम करते हुए खाड़ी देशों से तेल के आयात को बढ़ा दिया था।

मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में तेल का आयात घट रहा है और यही वजह है कि तेल निर्यातक देशों को अपने ऑफर को आकर्षक बनाना पड़ रहा है। यही वजह है कि रूस को भी दोस्त भारत के लिए अपने तेल के ऑफर को आकर्षक बनाने के लिए दामों में छूट देनी पड़ रही है। भारत ने पिछले दो साल में रूस से जमकर तेल खरीदा है और पुतिन चाहते हैं कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बीच भारत उनके देश से तेल खरीदता रहे। ताजा आंकड़ों के मुताबिक रूस से भारत को तेल निर्यात नवंबर महीने में पूरे साल का सबसे कम हुआ है।

भारत ने रूस से मात्र 13 लाख बैरल तेल ही खरीदा है। इसके विपरीत रूस ने जब सब्सिडी को घटाई तो भारत ने यूएई के साथ अपने तेल के आयात को बढ़ा दिया था। भारत के इस कदम के बाद अब रूस को एक बार फिर से अपने दामों में कटौती करनी पड़ी है। सितंबर महीने में भारत ने 42 करोड़ 90 लाख डॉलर रूस से तेल खरीदकर बचाए थे। साल 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस भारत को तेल का निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश बन गया था। भारत ने यह तेल तब खरीदा जब पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए और तेल तथा गैस खरीदना बंद कर दिया था।

तेल के डिमांड में आई कमी की वजह से खाड़ी देशों को भी अपने तेल के दामों में कटौती करनी पड़ी है। सऊदी अरब ने एशियाई देशों को दिए जाने वाले तेल के दाम में कटौती की है। पिछले सात महीने में ऐसा पहली बार हुआ। इसके अलावा इराक ने भी तेल के दाम में कमी की है। अमेरिका अपने खाली पड़े रिजर्व को नहीं भर रहा है और ठंड की वजह से दुनिया में तेल के डिमांड में भारी कमी आई है। माना जा रहा है कि ये छूट और भी बढ़ सकता है। इससे पहले अमेरिका ने भारत पर दबाव डाला था कि वह रूस से तेल नहीं खरीदे लेकिन मोदी सरकार इस धमकी के आगे नहीं झुकी और रूस से तेल खरीदना जारी रखा हुआ है। भारत को अब रूसी तेल से अरबों डॉलर का फायदा हो चुका है।

## क्या मारा गया भारत का सबसे बड़ा दुश्मन दाऊद इब्राहिम?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े दुश्मन और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को जहर देने की खबर के बाद से सोशल मीडिया पर कई दावे किए जा रहे हैं। पाकिस्तान में छिपकर रह रहे दाऊद को जहर देने के दावे के साथ कहा जा रहा है कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक्स पर कई लोग दावा कर रहे हैं कि दाऊद को जहर दिया गया था, जिसके बाद उसकी हालत काफी नाजुक हो गई। कुछ लोगों का यहां तक कहना है कि उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई है, जिसे पाकिस्तान छुपाकर रखना चाहता है। हालांकि, अभी तक किसी भी सरकारी एजेंसी या मीडिया द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। एक यूजर चंदन शर्मा ने दावा किया कि दाऊद मारा जा चुका है। यूजर ने कहा कि अगर दाऊद इब्राहिम जिंदा है तो पाकिस्तान उसका सबूत दे। पूरे पाकिस्तान में इंटरनेट बंद है, सोशल मीडिया ढंग से काम नहीं कर रहा, क्योंकि पाकिस्तानियों को खबर छुपानी है। पाकिस्तान में इसी के साथ सुबह से कई राज्यों में इंटरनेट सेवा काम नहीं कर रही है। कई जगहों पर इंटरनेट काफी धीमा किया गया है। दावा किया जा रहा है कि दाऊद की खबर छुपाने के लिए इंटरनेट को बंद किया गया है।



## अयोध्या में ताजमहल जैसी भव्य मस्जिद बनने पर खुश हुए पाकिस्तानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के बाद अब मस्जिद बनाए जाने का काम भी जल्दी ही शुरू होने जा रहा है। मस्जिद की नींव काबा के इमाम–ए–हरम रखेंगे। इसके बाद मई में यहां निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। मस्जिद के बारे में कई जानकारियां सामने आई हैं। साथ ही कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिनमें बताया गया है कि मस्जिद बनने के बाद ताजमहल की तरह खूबसूरत दिखेगी। इन तस्वीरों और वीडियो को देखकर पाकिस्तान के लोगों ने भी इस पर रिएक्शन दिया है। पाकिस्तान के कई लोगों ने सोशल मीडिया और यूट्यूब के जरिए भारत के निजाम की तारीफ की है।

# नाटो में शामिल हुआ फिनलैंड तो रूसी राष्ट्रपति हुए आगबबूला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

फिनलैंड रूस से लगती सीमा को कर रहा मजबूत

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में नाटो में शामिल हुए फिनलैंड को बड़ी धमकी दी है। पुतिन ने कहा कि पड़ोसी फिनलैंड इस साल नाटो में शामिल हो गया है और उसे अब समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड रूस का पड़ोसी देश है और उससे 1300 किमी की सीमा साझा करता है। फिनलैंड का नाटो शामिल होना पूरे उत्तरी यूरोप के सुरक्षा परिदृश्य के लिए बड़ा बदलाव माना जा रहा है। फिनलैंड के नाटो में शामिल होने को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए बहुत बड़ा झटका माना जाता है जो लंबे समय से अमेरिका के नेतृत्व वाले इस सैन्य संगठन के विस्तार का कड़ा विरोध करते रहे हैं।

पुतिन ने इससे पहले कहा था कि यूक्रेन को नाटो में शामिल होने से रोकने के लिए उन्होंने विशेष सैन्य अभियान शुरू किया है। रूसी राष्ट्रपति ने अपने ताजा बयान में रविवार को कहा, वे फिनलैंड को अपने साथ मिला लिए और उसे नाटो में शामिल कर लिया। क्यों, क्या हमारा फिनलैंड से कोई विवाद था? एक क्षेत्रीय विवाद समेत सभी मुद्दों को 20वीं सदी में ही सुलझा लिया गया था। उन्होंने फिनलैंड पर कहा, इसमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन अब वहां हो सकता है क्योंकि अब हम लेनिनग्राड मिलिट्री डिस्ट्रिक का निर्माण करेंगे। निश्चित रूप से वहां पर सैन्य यूनिटों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे।

पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस बयान को भी खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुतिन ने यूक्रेन पर कब्जा कर लिया तो वह आगे बढ़ना जारी रखेंगे। बाइडन ने सुझाव दिया था कि रूस एक नाटो सहयोगी देश पर हमला कर सकता है और अमेरिकी सैनिकों को भी जंग में झोंक सकता है। बाइडन के बयान पर पुतिन ने कहा, रूस के पास कोई कारण नहीं है, कोई हित नहीं है, न ही भूराजनीतिक हित है, न ही आर्थिक, न ही राजनीतिक या सैन्य, जिसकी वजह से नाटो देशों के साथ जंग लड़ा जाए।

## अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी कोनाक्री के एक तेल टर्मिनल पर हुआ विस्फोट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोनाक्री। अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी कोनाक्री में सोमवार तड़के एक तेल टर्मिनल पर विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के बाद कई लोगों के मारे जाने और घायल होने की आशंका बताई जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी ने विस्फोट को लेकर कहा, हां, इस विस्फोट के कारण कई मौतें और कई लोगों को चोटें आई हैं। रिपोर्टर के मुताबिक, विस्फोट ने कोनाक्री शहर के कलौम जिले को नुकसान पहुंचाया है। इस विस्फोट से आसपास के कई घरों की खिड़कियां उड़ गईं हैं जिससे सैकड़ों लोग इलाके से भागने को मजबूर हो गए। विस्फोट के बाद भीषण आग और काले धुएं का गुबार मीलों दूर से देखा जा सकता है। मौके पर अग्निशमन कर्मी पहुंचे जबकि कई टैंकर मौके पर देखे गए। गिनी सरकार के प्रवक्ता ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# भारतीय संस्कृति सभी पंथ मार्ग, संप्रदायों का सम्मान करने की रही है: मुख्यमंत्री

**विमोचन**

## सीएम ने अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की शुभकामनाएं दी

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर सोमवार को हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र, गढ़ी कैंट, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन भारतवर्ष की एकता और अखंडता के संरक्षण व संवर्धन हेतु हमारे मौलिक कर्तव्यों को याद करने का दिन है। भारत की एकता और अखंडता का मूल भी हमारी यही सांस्कृतिक विभिन्नताओं में पाए जाने वाली एकरूपता है। अनेकता में एकता का यही भाव देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। हमारी भारतीय संस्कृति सभी



पंथ मार्ग, संप्रदायों का सम्मान करने की रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की संस्कृति तथा सामर्थ्य का विस्तार संपूर्ण विश्व में हो रहा है। उनके द्वारा दिए गए मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास द्वारा नये भारत में हर वर्ग के सशक्तिकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना की जागृति का केंद्र रहा है। राज्य सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व बढ़ाए जाने एवं अल्पसंख्यक छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने हेतु ''मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना'' प्रारम्भ की गई है। राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों की मेधावी छात्राओं की शिक्षा हेतु विशेष अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार ने अल्पसंख्यक क्षेत्रों में मांग के अनुसार आर्थिक व शैक्षणिक विकास के लिए अल्पसंख्यक विकास निधि की स्थापना की है, जिसके तहत अभी तक 18 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। मुख्यमंत्री हुनर योजना के माध्यम से गांवों की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण, आवास योजना सहित अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार ने जन समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किये हैं।

## न्यूज डायरी

### 20 को विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत चौकी बर्सिल में होगी बैठक

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य शिक्षा अधिकारी हेमलता भट्ट की अध्यक्षता में विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत चौकी बर्सिल में बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। मुख्य शिक्षा अधिकारी ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा आगामी बुधवार को विकास खंड अगस्त्यमुनि की ग्राम पंचायत चौकी वर्सिल में प्रातः 11 बजे से बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में ग्रामीणों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से निर्धारित तिथि, स्थान व समय से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

### आईआईएम काशीपुर में विपणन नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। आज, आईआईएम काशीपुर परिसर में मार्केटिंग इनोवेशन पर बहुप्रतीक्षित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर द्वारा अर्ल वी. स्नाइडर इनोवेशन मैनेजमेंट सेंटर, व्हिटमैन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, सिरैक्यूज यूनिवर्सिटी के सहयोग से 16 से 18 दिसंबर तक आईआईएम काशीपुर परिसर में किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन आईआईएम काशीपुर के निदेशक प्रो. कुलभूषण बलूनी, अर्ल वी. स्नाइडर इनोवेशन मैनेजमेंट सेंटर, सिरैक्यूज यूनिवर्सिटी (यूएसए) के निदेशक प्रो. एसपी राज, पद्म भूषण श्री डी.आर. मेहता और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया।

### विद्यामंदिर इंटरनेशनल इंसेंटिव टेस्ट 23 और 24 दिसंबर को कराया जाएगा

**संवाददाता** देहरादून। मेधावी छात्रों को आर्थिक रिवॉर्ड देने के मकसद से देश के अग्रणी कोचिंग संस्थानों में शुमार विद्यामंदिर क्लासेस (वीएमसी) हर साल इंटरनेशनल इंसेंटिव टेस्ट (वीआईएनआईटी) कराता है। इस साल के टेस्ट की तारीखों का ऐलान भी कर दिया गया है। ये टेस्ट दिसंबर में कराए जाएंगे। 23 और 24 दिसंबर 2023 को टेस्ट आयोजित होगा। वीएमसी क्लासेज देश के उन बेहतरीन सेटर्स में से है जहां जेईई, नीट, बोर्ड, एनटीएसई और ओलंपियाड जैसे क्षेत्रों के लिए कोचिंग कराई जाती है। यहां के छात्र हर साल कामयाबी की गाथा लिख रहे हैं। यह टेस्ट कक्षा 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 के छात्रों के लिए आयोजित कराया जायेगा। वीएमसी क्लासेज हमेशा छात्रों के लिए कुछ न कुछ प्रोग्राम चलाता रहता है।

# जनपद के विकास के लिए लीक से हटकर कार्य करें अधिकारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। विकास भवन सभाागार में आयोजित बैठक में सचिव श्री सुमन ने क्रमवार जल निगम, ग्राम्य विकास, उद्यान, कृषि, सेवायोजन, शिक्षा, पर्यटन, बाल विकास, चिकित्सा, मत्स्य, समाज कल्याण, उरेडा, लघु सिंचाई, सिंचाई विभाग के कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में जो भी दिक्कतें आ रही हैं, उन्हें संज्ञान में लाते हुए उनका निस्तारण करने का प्रयास करें, यदि प्रकरण शासन स्तर से निस्तारित किया जाना है, तो उसमें अपने सुझाव देते हुए प्राथमिकता के आधार पर शासन को भेजें तथा अपने विभागाध्यक्ष के संज्ञान में भी लायें, निश्चित ही उन पर शासन स्तर से प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

सचिव ने कहा कि आम जनमानस का कार्य करना हमारा प्राथमिक दायित्व है। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए पूर्ण प्रयास किए जाएं। जब भी कोई फरियादी कार्यालय में शिकायत लेकर आते हैं तो उन्हें ध्यान पूर्वक सुने तथा संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर उसका निस्तारण का पूर्ण प्रयास करें। बैठक में सेवायोजन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से संबंधित जो भी ट्रेनिंग हो रही हैं वह आधुनिक विषयों पर आधारित हो जिसमें सोफटवेयर, सोलर सहित अन्य विषय शामिल हों।




### संकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

**संवाददाता** चमोली। सरकार द्वारा अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उददेश्य से शुरू की गयी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को ऐरवाडी, घण्डियाल, खत्याडी, कण्डारा, मैन, डुग्री, चोपडाकोट, चरी, सीरी, डुंग्री, बेडगांव, नारायणबगड, मुन्दोली, वांक, कोटेडा, चौड, म्यौली, सरमोला खाल, धारकुमाला, गौणा, देवपुरी, नैल, सिराना में आईईसी वाहन के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गयी। संकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। शिविर में योजना के लाभार्थियों ने योजना का फीडबैक दिया और छूटे हुए लोगों को योजना का लाभ दिया गया। ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ ली।

# अगर लाल चावल उत्पादन का सही मूल्यांकन नही करती सरकार तो करना पड़ेगा आंदोलन

**संवाददाता** पुरोला। विकास खंड के कमल सिराई व रामा सिराई का सुप्रसिद्ध लाल चावल को जी आई रजिस्ट्रेशन में भ्रामक स्थिति को लेकर घाटी के किसानों ने कमल सिराई फेड किसान उत्पादक कम्पनी के साथ मिलकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर लाल चावल के जी आई रजिस्ट्रेशन में संसोधन की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया है कि पुरोला रामा व कमल सिरांई क्षेत्र में किसान पिछली कई पीढीयों से लाल चावल की खेती कर रहे हैं और आधुनिकता,नए बीजों की नई दुनिया में अपनी इस महत्वपूर्ण धरोहर को बचाए हुए हैं। इतना ही नहीं जीवन की अत्यंत विपरीत

**उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को किया ज्ञापन प्रेषित**

परिस्थितियों में पुरोला के किसान लाल धान की खेती करते हैं जबकि इसका प्रति एकड़ औसत उत्पादन भी चावल की कई नई किस्मों की तुलता में बहुत कम होता है पर लाल चावल के जीआई रजिस्ट्रेशन में भारी भ्रामक त्रूटी के कारण जीआई रजिस्ट्रेशन में इसे ऊधमसिंघ नगर, हरिद्वार आदि क्षेत्रों का माना गया है, जबकि सत्यता यह है कि तराई और निचले इलाकों में लाल चावल की खेती होती ही नहीं है।

दरअसल लाल चावल की खेती लगभग 1400 मीटर से उपर 1800 मीटर या इससे ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में ही की जाती है तथा इसके विशष्ट गुणों के लिए खास जलवायु आवश्यक होती है व लाल चावल के जीआई रजिस्ट्रेशन में निचले इलकों को जोड़ना भी गलत है। इतना ही नहीं लाल चावल का जीआई सर्टिफिकेट एक ऐसी संस्था को दिया गया है जिसके आस पास लाल धान की खेती नही होती है।

हालांकि संस्था से जुड़े किसानों ने पिछले 1–2 वर्षों में कृषि विभाग लाल चावल की खेती को एक विशेष स्थान में प्रारंभ करने का प्रयास किया तथा संस्था को लाल चावल उत्पादन प्रमाण पत्र देना सरासर गलत है। किसानों ने मांग की है कि इसका सही मूल्यांकन किया जाय।

### अधिकारियों को दिए समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सचिव विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन संवादध्जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 14 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 5 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में विकास खंड जखोली के नाग गांव निवासी प्रेम सिंह ने शिकायत दर्ज करते हुए कहा कि उनकी पत्नी श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिक थी जिनकी वर्ष–2021 में मृत्यु हो गई लेकिन सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद भी उन्हें अभी तक बीमा धनराशि उपलब्ध नहीं कराई गई है। बाड़व गांव के धनंजय सिंह की शिकायत थी कि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाड़व के लिए उनके पिता द्वारा 9 नाली जमीन दी गई और इसके बाद शासन–प्रशासन द्वारा उन्हें सेवा में समायोजित करने के लिए आश्वासन दिया गया लेकिन अभी तक उन्हें सेवायोजित नहीं किया गया है।

पेज थ्री
www.page3news.in

# सहयोगी दलों की बेरुखी

**पार्टी प्रमुखों की बैठक दिसंबर के तीसरे सप्ताह में रखने की बात कही गई है। आज हो रही इस बैठक में कांग्रेस जितनी दिलचस्पी गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों की नहीं दिख रही। मकसद यह लगता है कि संसदीय दलों के प्रमुखों के जरिए इस बैठक में सबका गुबार निकल जाए**

अनुज सनवाल।।

इसमें हैरानी की बात नहीं कि 3 दिसंबर को चार राज्यों में हुए चुनाव के नतीजे आने के बाद पहली प्रतिक्रिया में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन को याद किया। जल्द ही यह घोषणा भी कर दी गई कि गठबंधन की अगली बैठक दिल्ली में 6 दिसंबर को होगी। हालांकि घटक दलों की बेरुखी को देखते हुए इसे संसदीय दलों के नेताओं की बैठक का रूप देना पड़ा। पार्टी प्रमुखों की बैठक दिसंबर के तीसरे सप्ताह में रखने की बात कही गई है। आज हो रही इस बैठक में कांग्रेस जितनी दिलचस्पी गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों की नहीं दिख रही। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने तो पहले ही कह दिया कि वह दूसरे कामों में बिजी हैं, इसलिए इंडिया की बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगी। श्रक्न नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बैठक के लिए उपलब्ध नहीं थे। अन्य नेताओं ने भी असमर्थता जता दी थी।



इंडिया में शामिल कुछ सहयोगी दलों के नेताओं के जो बयान आए हैं, उन्हें देखकर लगता है कि वे कांग्रेस से नाराज हैं। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस अन्य दलों को साथ लेकर लड़ी होती तो नतीजे कुछ और होते। इन दलों को लग रहा है कि कांग्रेस ने इस उम्मीद में गठबंधन से दूरी बना ली थी कि इन विधानसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन अच्छा होगा, जिसके बल पर आगे वह अपनी मनमानी कर सकेगी। इसलिए अब ये दल दिखाना चाहते हैं कि गठबंधन की जरूरत उनसे ज्यादा कांग्रेस को है।

इस नाराजगी और उसे जताने के क्षेत्रीय दलों के तरीके में दो बिल्कुल अलग तरह की प्रवृत्तियों की झलक दिख रही है। तृणमूल कांग्रेस कह रही है कि ये नतीजे बीजेपी की जीत नहीं बल्कि कांग्रेस की हार है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने भी बिना देर किए खुद को उत्तर भारत की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी घोषित कर दिया। इन दलों की कोशिश यह बताने की है कि कांग्रेस इंडिया गठबंधन को नेतृत्व देने के योग्य नहीं है और वे गठबंधन के बेहतर लीडर हो सकते हैं। दूसरी ओर शिवसेना और JDU जैसे दल हैं, जिनकी दिलचस्पी कांग्रेस नेतृत्व को इस बात के लिए मजबूर करने तक सीमित लगती है कि सभी दलों को समुचित महत्व देते हुए आगे बढ़ा जाए। क्षेत्रीय दलों के इस आक्रामक रुख को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने आज की बैठक को अलग रूप दे दिया। मकसद यह लगता है कि संसदीय दलों के प्रमुखों के जरिए इस बैठक में सबका गुबार निकल जाए और कहा–सुना माफ करने के बाद आगे सुव्यवस्थित बैठक का रास्ता साफ हो। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बैठक में सभी दलों को साथ लेकर आगे बढ़ने का भाव प्रबल साबित होता है या खुद को दूसरों से आगे दिखाकर अपने दलीय हितों को सबसे ऊपर रखने की प्रवृत्ति मजबूत होकर उभरती है।

## पौराणिक कथा

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।**
तुलसी का इतिहास पौराणिक कथाओ से जुड़ा है, पौराणिक काल में एक लड़की थी जिसका नाम वृंदा था। उसका जन्म राक्षस कुल में हुआ था। वृंदा बचपन से ही भगवान विष्णु जी की परम भक्त थी। बड़े ही प्रेम से भगवान की पूजा किया करती थी। जब वह बड़ी हुई तो उनका विवाह राक्षस कुल में दानव राज जलंधर से हो गया,जलंधर समुद्र से उत्पन्न हुआ था। वृंदा बड़ी ही पतिव्रता वादी स्त्री थी, सदा अपने पति की सेवा किया करती थी। एक बार देवताओं और दानवों में युद्ध हुआ जब जलंधर युद्ध पर जाने लगे तो वृंदा ने कहा –स्वामी आप युद्ध पर जा रहे हैं आप जब तक युद्ध में रहेगें में पूजा में बैठकर आपकी जीत के लिए अनुष्ठान करुंगी। और जब तक आप वापस नहीं आ जाते मैं अपना संकल्प नही छोड़ूगीं।

## संपादकीय

### चुनौती कम नहीं होगी

यह उम्मीद करना बेमानी होगी कि अगर पांच राज्यों के चुनावी नतीजे कांग्रेस के लिए अच्छे रहते तो शरद पवार, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे या एमके स्टालिन उसके लिए 'रेड कार्पेट' बिछाएंगे। ये नेता पांच राज्यों की तुलना अपने राज्य से करने को कभी तैयार नहीं होंगे। कारण यह कि पांच राज्यों के राजनीतिक समीकरण उनके राज्य से अलग हैं। ये राज्य ऐसे हैं, जहां इन दलों का मजबूत जनाधार नहीं है। लेकिन अपने–अपने राज्यों में ये दल मजबूत वोट बैंक रखते हैं। इनमें से ज्यादातर नेताओं ने अपने–अपने राज्यों में कांग्रेस की ही राजनीतिक जमीन पर अपनी सियासी इमारत खड़ी की है। इसलिए वे वहां कांग्रेस को मजबूत होते हुए नहीं देखना चाहेंगे। कांग्रेस के रणनीतिकार इन राज्यों से सिर्फ सीट बंटवारे तक अपनी चुनौती नहीं मानते। उन्हें लगता है कि इंडिया में शामिल दलों के हिस्से में अगर ज्यादा सीटें गईं तो नतीजों के बाद इन दलों के पास मोलभाव की ताकत ज्यादा होगी। उन्हें अपने पाले में बनाए रखने के लिए ज्यादा मशक्कत करनी होगी।

कांग्रेस पार्टी को बढ़ाने के लिए हम सब लोग एक हुए थे और काम कर रहे थे, लेकिन उन लोगों को कोई चिंता है नहीं। सब लगे हुए थे पांच राज्यों के चुनाव में।'

# कांग्रेस की मुश्किल

नदीम।।

लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया में हिस्सेदारी के मुद्दे पर जब क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस पर दबाव बढ़ना शुरू हुआ तो कांग्रेस ने उस मोर्चे पर वक्ती तौर पर अपने को 'साइन आउट' कर सारा ध्यान पांच राज्यों के चुनाव पर केंद्रित कर लिया। इसी बात को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में झुंझलाए भी थे। 'कांग्रेस पार्टी को बढ़ाने के लिए हम सब लोग एक हुए थे और काम कर रहे थे, लेकिन उन लोगों को कोई चिंता है नहीं। सब लगे हुए थे पांच राज्यों के चुनाव में।'

ऐसा करना कांग्रेस की मजबूरी भी थी। इंडिया के अंदर कांग्रेस को सबसे ज्यादा चुनौती सात राज्यों में इलाकाई दलों से मिल रही है। ये राज्य हैं– यूपी, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, बिहार, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली, जहां से कुल 269 लोकसभा सीटें आती हैं। इन राज्यों में बीजेपी के विरोध में राजनीति करने वाले जो दल हैं, वे कांग्रेस से किसी भी सूरत में कम नहीं हैं। इनमें से यूपी, बिहार, बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस खुद में कोई ताकत नहीं है। यूपी में गैर–बीजेपी राजनीति SP-BSP के इर्द–गिर्द घूमती है। बंगाल में टीएमसी ने वामदलों और कांग्रेस दोनों को नेपथ्य में ढकेल रखा है।

बिहार में भी कांग्रेस जेडीयू–आरजेडी की



बैसाखी पर ही है। तमिलनाडु में क्डझ्र के बगैर कांग्रेस का कोई वजूद नहीं है। इसके अलावा 48 सीटों वाले महाराष्ट्र में भी NCP और शिवसेना का दबदबा कांग्रेस से कहीं ज्यादा दिखता है। पंजाब और दिल्ली में जहां कभी गैर–बीजेपी दल के रूप में कांग्रेस जानी जाती थी, वह जगह आम आदमी पार्टी ने ले ली है।

राजनीति को 'पावर गेम' कहा ही जाता है। ऐसे में ये दल अपने अपने राज्यों में इंडिया की 'ड्राइविंग सीट' पर खुद ही रहना चाहते हैं। वे नहीं चाहते कि सीटों के बंटवारे में कांग्रेस की कोई दखलंदाजी हो। अखिलेश यादव सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि कोई भी गठबंधन हो, SP उसमें सीटें मांगने वाली नहीं बल्कि सीटें बांटने वाली पार्टी होगी। ऐसा ही रुख ममता बनर्जी से लेकर अरविंद केजरीवाल तक का है। अलग–अलग मौकों पर इन पार्टियों के नेता यह कह चुके हैं कि कांग्रेस को ज्यादा सीट देने का मतलब बीजेपी के लिए ज्यादा स्पेस उपलब्ध कराने का जोखिम उठाना है।

इस सिलसिले में 2020 बिहार विधानसभा चुनाव का उदाहरण दिया जा रहा है कि जब कांग्रेस ने चुनाव लड़ने के लिए महागठबंधन से 70 सीटें छुड़वा लीं थीं, लेकिन उनमें से महज 19 ही जीत पाईं थी।

नतीजों के बाद जब महागठबंधन महज 12 सीटों के अंतर से सरकार नहीं बना पाया, तब RJD के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी ने आरोप लगाया था कि 'कांग्रेस के ज्यादा सीटें लेने से महागठबंधन की हार हुई। कांग्रेस ने 70 सीटें ले लीं, लेकिन वह 70 रैलियां भी नहीं कर पाई। अगर ये सीटें RJD के पास होतीं तो महागठबंधन बहुमत हासिल कर लेता।' इसी प्रेशर की वजह से कांग्रेस नेताओं को लगा कि लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर फौरी तकरार से बचा जाए और इसके लिए पांच राज्यों के नतीजों का इंतजार किया जाए। ये वैसे राज्य हैं, जहां कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधी लड़ाई है। दो राज्यों में तो उसकी सरकार भी है। कांग्रेस को लगता है कि इन पांच राज्यों में अगर वह बेहतर प्रदर्शन कर पाई तो यूपी, महाराष्ट्र, वेस्ट बंगाल, बिहार, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली में उस पर जो दबाव बन रहा है, उसे वह टाल सकती है।

### सूडोकु बवाल-5265

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवाल -5264 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

## अपना ब्लॉग

### अफगान नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश

**मोहन।** पाकिस्तान की सरकार ने अपने यहां अवैध रूप से रह रहे 17 लाख अफगान नागरिकों को देश छोड़ने के लिए 31 अक्टूबर तक की डेडलाइन दी थी, जो खत्म हो चुकी है। पाकिस्तान सरकार ने कहा था कि अवैध रूप से रह रहे जो अफगान नागरिक देश नहीं छोड़ेंगे, उन्हें 1 नवंबर से निर्वासित किया जाएगा। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने ऐसे अफगान नागरिकों पर कार्रवाई शुरू भी कर दी। वहीं, ऐक्शन के डर से लाखों अफगान नागरिक बड़ी संख्या में ट्रकों और बसों में सवार होकर अपने देश के लिए रवाना हुए, जो बॉर्डर क्रॉसिंग पर अपनी बारी के इंतजार में फंसे हुए हैं। सीमा पर ये अफगानी परिवार खाना–पानी के लिए तरस रहे हैं। तालिबान ने पिछले महीने कहा था कि अगर पाकिस्तान ने एकतरफा कार्रवाई की तो इससे दोनों देशों में तनाव बढ़ेगा। दोंनों देशों की सीमाओं पर अफगान नागरिकों की भीड़ बढ़ते जाने से दबाव बढ़ रहा है।







## सनी देओल ने एनिमल निकाली कमियां! कहा नहीं पसंद आई कुछ चीजें

संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बनी एनिमल ने जहां 14 दिनों में वर्ल्डवाइड 784 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है, वहीं इसमें बॉबी देओल के 15 मिनट के रोल की हर तरफ तारीफ हो रही है। एक तरह जहां फिल्म को दर्शकों के एक हिस्से ने महिला विरोधी और हिंसक बताकर खारिज किया है, वहीं फिल्म इंडस्ट्री ने इसकी तारीफ के पुल बांधे हैं। लेकिन इसी बीच बॉबी देओल के बड़े भाई सनी देओल ने कुछ ऐसा कहा है, जिसे सुनकर फैंस को झटका लग सकता है। गदर 2 की सुपर सक्सेस एंजॉय कर रहे सनी ने अब कहा है कि उन्हें भी एनिमल में कुछ चीजें बिल्कुल पसंद नहीं आई हैं। सनी देओल ने कहा कि उन्होंने एनिमल देखी है और वह भाई बॉबी देओल की परफॉर्मेंस से बेहद खुश हैं। सनी ने आगे कहा, फिल्म अच्छी है, लेकिन कुछ चीजें हैं जो मुझे पसंद नहीं आईं। ये चीजें मुझे अपनी फिल्मों सहित कई फिल्मों में पसंद नहीं हैं। मुझे लगता है कि एक व्यक्ति के तौर पर मुझे किसी भी चीज को पसंद करने या नापसंद करने का अधिकार है। हालांकि, कुल मिलाकर यह एक अच्छी फिल्म है। संगीत बहुत अच्छा है और यह सीन्स के साथ मेल खाता है। बॉबी तो बॉबी है। अब वह लॉर्ड बॉबी है। सनी ने आगे इस पर यह नहीं बताया कि उन्हें कौन सी चीजें या सीन्स पसंद नहीं आए। रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर एनिमल में बॉबी देओल ने अबरार हक का किरदार निभाया है।

## ऋतिक का डांस बढ़िया है, पर म्यूजिक ने कर दिया मूड खराब

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फाइटर के लिए लोगों की एक्साइटमेंट आसमान छू रही है। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में करण सिंह ग्रोवर, अनिल कपूर और अभिषेक ओबेरॉय भी लीड रोल्स में हैं। जबकि एरियल एक्शन फिल्म के एक्टर्स के टीजर और लुक पोस्टर ने पहले ही काफी चर्चा पैदा कर दी है। अब फिल्म का पहला गाना भी रिलीज हो गया है। इसमें दीपिका और ऋतिक की केमेस्ट्री तो दमदार है लेकिन गाना काफी कमजोर वाइब्स दे रहा है। मेकर्स ने इसके म्यूजिकल एल्बम का पहला गाना शेर खुल गए रिलीज कर दिया है। अपबीट वाइब पार्टी ट्रैक में भ्तपजीपा त्वैंद और क्ममचपां च्कंनावदम के साथ करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख भी हैं। ऋतिक और दीपिका के बीच की केमिस्ट्री इतनी शानदार है कि क्या कहें। इसके अलावा, उनके डांस मूव्स एक बार फिर फैंस को अपने पैर हिलाने पर मजबूर कर देंगे। इस गाने को विशाल और शेखर, बेनी दयाल, शिल्पा राव की आवाज में गाया गया है।

## धोखेबाजी से भरी है इंद्राणी कोठारी की अमीरों वाली दुनिया



रवीना टंडन ने 14 दिसंबर को एक क्रिप्टिक पोस्ट किया था। उसमें उन्होंने कर्मा के बारे में कुछ ऐसा लिखा था, जिससे फैन्स विचार में पड़ गए थे कि आखिर एक्ट्रेस को क्या हुआ। वह ठीक तो हैं, उनको कई तकलीफ तो नहीं। लेकिन उस राज से अब पर्दा उठ गया है। इनकी एक वेब सीरीज आ रही है, जो कि 26 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म श्डिज्नी प्लस हॉटस्टारश पर रिलीज होगी। इसका टीजर रिलीज किया गया है। अलीबाग सोसायटी पर राज करने वाली इंद्राणी कोठारी चमक, चकाचौंध और धोखेबाजी से भरी अपनी अमीर दुनिया से लोगों को रूबरू करवा रही हैं। इंद्राणी का दमदार किरदार रवीना टंडन निभा रही हैं। आरएटी फिल्म्स ने इसे प्रोड्यूस किया है और रुचि नारायण इस सीरीज की डायरेक्टर हैं। इसमें एक्ट्रेस बहुत ही ग्लैमरस अवतार में दिखाई दे रही हैं। 'कर्मा कॉलिंग'में इंद्राणी कोठारी की दुनिया की कहानी दिखाई गई है, जहां उसका कर्म उसे चौन से जीने नहीं देगा। इस दुनिया में अमीरों का बोलबाला और उनकी जिन्दगी दिखाई गई है। प्रोड्यूसर आशुतोष शाह ने कहा कि वो इस सीरीज को लेकर एक्साइटेड हैं। यह एक रोमांचक कहानी है, जिसमें अमीर लोगों की दुनिया की दिलचस्प झलक मिलती है। प्रतिभा से संपन्न कलाकारों और क्रू के साथ काम करने का अनुभव सचमुच बेहतरीन रहा।

# कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा के घर आंगन में गूंज उठी किलकारियां

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*सुगंधा मिश्रा और डॉक्टर संकेत भोसले पेरेंट्स बन गए हैं। उनके घर एक नन्ही परी आई है। जिसके बारे में खुद कपल ने सोशल मीडिया पर फैन्स और दोस्तों को बताया है। अस्पताल से ही उन्होंने एक वीडियो बनाया है, जिसमें संकेत अपनी पत्नी और लाडली के साथ दिखाई दे रहे हैं। इनके इस पोस्ट पर तमाम लोगों ने बधाई दी है। ये इनका पहला बच्चा है।*

**दिखाई नन्ही परी की पहली झलक**

द कपिल शर्मा शो की एक्ट्रेस सुगंधा ने 35 साल की उम्र में बेटी को जन्म दिया है। 15 दिसंबर की सुबह उनके पति और कॉमेडियन डॉक्टर संकेत भोसले ने इस खुशखबरी को सबके साथ शेयर किया है। अस्पताल के अंदर से वीडियो बनाकर उन्होंने कैप्शन लिखा, श्यूनिवर्स ने हमें सबसे खूबसूरत तोहफा दिया है। ये उनका आशीर्वाद है, जो किसी चमत्कार से कम नहीं है। ये हमारे प्यार की निशानी है। हमें एक प्यारी-सी बेटी हुई है। कृपया आप लोग अपना प्यार और आशीर्वाद हम पर न्योछावर करते रहें।

**संकेत भोसले ने दी गुडन्यूज**

वीडियो में डॉक्टर संकेत अस्पताल की यूनिफॉर्म में गले में आला डाले वीडियो बना रहे हैं। कह रहे हैं, आज की ताजा





खबर ये है कि मैं बाप बन गया हूं। ये मां बन गई है। सुगंधा अस्पताल के बिस्तर पर सुस्त अवस्था में लेटी रहती हैं तो संकेत उनसे हेलो करने के लिए कहते हैं, तो वह थोड़ा सा मुस्कुराती हैं। इसके बाद वह अपनी लाडली के साथ एक सेल्फी लेते हैं। हालांकि चेहरा नहीं दिखाते। उसके फेस पर हार्ट इमोजी लगा देते हैं।

**भारती और सुनील ग्रोवर ने दी बधाई**

वहीं, इस खुशी पर भारती सिंह ने लिखा, बधाई। याहू, बेबी गर्ल। जय माता दी। इसके साथ रेड हार्ट और एविल इमोजी। तब्बू ने तालियां बजाई। वहीं, सुनील ग्रोवर ने लिखा, बधाई हो। मम्मी पापा को। बच्चे पर भगवान की कृपा बनी रहे। रिद्धिमा पंडित ने भी खुशी जाहिर की और कपल को बधाई दी। रुसलान मुमताज, हितेन तेजवानी ने भी दोनों की इस खुशी को आशीर्वाद देकर दोगुना कर दिया।

# हार्ट अटैक के बाद श्रेयस तलपड़े की अब कैसी है तबीयत ?

*वेलकम टू जंगल की शूटिंग के दौरान श्रेयस तलपड़े को हार्ट अटैक आया था। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया था। वहां उनका इलाज हो रहा है। मगर तबीयत कैसी है, ये बात हर कोई जानने के लिए बेकरार है। अब उनकी पत्नी दीप्ति तलपड़े का स्टेटमेंट आया है। उन्होंने बताया है कि एक्टर की तबीयत अब कैसी है। उन्होंने एक ऑफिशियल स्टेटमें जारी किया है। जिसमें उन्होंने ऐसी जानकारी दी है, जिससे फैन्स को राहत मिलेगी।*



14 दिसंबर को हिंदी और मराठी फिल्मों के एक्टर श्रेयस तलपड़े को हार्ट अटैक आया, जिसके बाद हर कोई परेशान हो गया। 47 साल के एक्टर दिल का दौड़ा पड़ने से बेहोश हो गए। इसके बाद फौरन उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। मुंबई के अंधेरी वेस्ट के बेलेव्यू में वह भर्ती हैं और वहीं इनका इलाज चल रहा है।

**श्रेयस तलपड़े की हेल्थ अपडेट**

पत्नी दीप्ति तलपड़े ने श्रेयस तलपड़े की हेल्थ अपडेट देते हुए कहा, श्प्यारे दोस्तों और मीडिया, मेरे पति की हेल्थ को लेकर जो कुछ भी हुआ, उसके बाद आपकी चिंता और शुभकामनाओं के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहती हूं। मुझे सभी को यह बताते हुए राहत मिल रही है कि उनकी हालत अब स्थिर है और कुछ दिनों में उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। मेडिकल टीम ने भी समय पर ट्रीटमेंट दिया है और उन्होंने भी अच्छा ख्याल रखा है। उनके भी हम आभारी हैं। हम बस आपसे हमारी प्राइवेसी का सम्मान करने का अनुरोध करते हैं। क्योंकि उनकी रिकवरी हो रही है और आपका सपोर्ट हमारे लिए ताकत है।

**फैन्स ने कहा- जल्द ठीक हो जाएंगे श्रेयस**

दीप्ति तलपड़े के इस पोस्ट के बाद लोगों ने एक्टर की हेल्थ जल्द ठीक हो, इसकी दुआ की है। कमेंट सेक्शन में भी कइयों ने रिएक्ट किया है। एक फैन ने लिखा, पुष्पा अपना ख्याल रखो। जल्द ठीक हो। एक ने लिखा, दीप्ति उनका ध्यान रखिए। हम दुआ करते हैं कि वह जल्द रिकवर हो जाएं और उन्हें हमारी तरफ से ढेर सारा प्यार। एक यूजर ने कहा, फैन्स आपको प्यार करते हैं मैम। वह जल्द ठीक हो जाएंगे। आप भी अपना ख्याल रखिए।

# बच्चों पर मंडराया जानलेवा खतरा, कैंसर की जड़ से कर रहे फ्रेंडशिप

*कैंसर के कई कारण हो सकते हैं, जिसमें से एक से आजकल के बच्चे दोस्ती करने में लगे हुए हैं। यह चौंकाने वाली जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साझा की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ई–सिगरेट से बच्चों को दूर रखने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। यह कदम नॉन स्मोकर्स को बचाने के लिए भी जरूरी हैं।*

स्मोकिंग से शरीर खोखला बन सकता है और अगर आप सोचते हैं कि ई सिगरेट इससे कम नुकसान करती है तो बिल्कुल गलत है। डब्ल्यूएचओ ने इससे जुड़ी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट शेयर की है, जिसमें बच्चों पर मंडरा रहे खतरे के बारे में बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन बताता है कि ई–सिगरेट को तंबाकू छुड़ाने के तरीके के रूप में बेचा जाता है। मगर आबादी पर ऐसा कोई प्रभाव देखने को नहीं मिला है बल्कि इसके घातक अंजाम और बढ़ रहे हैं। ई–सिगरेट आसानी से मार्केट में उपलब्ध हैं और 13 से 15 साल के बच्चे इसके ज्यादा शिकार बनते जा रहे हैं।

**निकोटीन वाली ई-सिगरेट है खतरनाक**
वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन कहता है कि निकोटीन वाली ई–सिगरेट काफी एडिक्टिव होती हैं और शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाती हैं। इनसे टॉक्सिक सब्सटांस बनते हैं, जो कई सारी बीमारियों का कारण होते हैं। सिगरेट की तरह इसका धुआं भी खतरनाक है और इसके आसपास भी खड़ा नहीं होना चाहिए।

**इन 4 नामों से भी बेची जाती है**
■वेप्स
■ई हुक्का
■वेप पेन
■इलेक्ट्रोनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम

**नर्हमल सिगरेट और वेप्स में नहीं है कोई अंतर**
डब्ल्यूएचओ कहता है कि अगर आप ये सोचते हैं कि वेप्स सिगरेट से कम खतरनाक है तो यह गलत है। दोनों से ही शरीर पर बहुत खराब असर पड़ता है। आपको दोनों छोड़ देने चाहिए और खुद को स्वस्थ रखें। ई सिगरेट का नुकसान इन बातों पर निर्भर करता है कि आप किस तरह की ई सिगरेट को कितनी बार इस्तेमाल करते हैं।



**हो सकती हैं ये बीमारियां**
■कैंसर
■हार्ट डिसऑर्डर
■लंग्स डिसऑर्डर
■दिमाग का विकास ना होना
■गर्भ में पल रहे बच्चे को खतरा

# खाते ही पेट फूलने लगता है? ये उपाय, फिर नहीं बनेगी पेट में गैस

*ब्लोटिंग एक आम समस्या है जिसे पेट की सूजन या पेट में गैस या पेट में भारीपन भी कहा जाता है। वास्तव में यह स्थिति काफी असुविधाजनक होती है क्योंकि ऐसे में थोड़ा सा भी खाने–पीने से पेट भरा–भरा महसूस होने लगता है। ब्लोटिंग के कई कारण हैं जिनमें अधिक भोजन करने या बहुत जल्दी–जल्दी खाना, पाचन तंत्र में गैस जमा होना जोकि अक्सर बिना पचे भोजन के टूटने से होता है। कई बार धीमा पाचन और मल त्यागने में कठिनाई से सूजन हो सकती है। कुछ खाद्य पदार्थ और पेय, जैसे बीन्स, दाल, कार्बोनेटेड ड्रिंक्स ब्लोटिंग का कारण बन सकते हैं।*

**ब्लोटिंग का इलाज क्या है?**
ब्लोटिंग की समस्या से राहत पाने के लिए हर बार दवाओं का सहारा लेने की जरूरत नहीं है। आप अपने खाने–पीने और जीवनशैली में बदलाव करके भी इससे राहत पा सकते हैं। न्यूट्रिशनिस्ट मिनाशी पेट्टूकोला आपको बता रही हैं कि ब्लोटिंग की समस्या से राहत पाने के लिए आप क्या–क्या घरेलू आजमा सकते हैं।

**सोच-समझकर खाएं**
यह शादियों का सीजन है और जल्दी ही क्रिसमस और नया साल





एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

भी दस्तक देने वाला है। जाहिर है इन दिनों आपको खाने–पीने को लेकर थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। उत्सव की मिठाइयों और व्यंजनों का संयम से आनंद।

**खूब पानी पियें**
अक्सर लोग ठंड के मौसम में पानी पीना कम कर देते हैं जोकि आपके पाचन सिस्टम पर बुरा असर डाल सकता है। अपने पाचन तंत्र को ठीक से काम करने में मदद करने के लिए खूब पानी पिएं।

**फाइबर का सेवन बढ़ा दें**
फाइबर आपके पेट के सबसे बड़ा मित्र है। पेट और आंतों के कामकाज को बेहतर तरीके से चलाने के लिए फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे साग, सब्जियां, फल, साबुत अनाज, बीज आदि चुनें।

**खाने के बाद टहलने जाएं**
ब्लोटिंग और पेट की अन्य समस्याओं से बचने का सबसे असरदार तरीके यह है कि आप खाने के बाद थोड़ी सी सैर करने जाएं। इसे पेट की सूजन को कम करने में मदद मिल सकती है।

**हर्बल टी**
अपने पेट को आराम देने के लिए पुदीना, जीरा या सौंफ और पेट को शांत करने वाली चाय या यहां तक कि एक गिलास गुनगुना पानी पिएं।

**नमक का कम सेवन करें**
सोडियम की अधिक मात्रा लेने से एडिमा की समस्या हो सकती है, जिससे काफी समय तक ब्लोटिंग सूजन हो सकती है।



## इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर की किडनी नहीं करती काम, ऐसे किया गलत साबित

किडनी खून को फिल्टर करती हैं, इसलिए इनके बिना जिंदा रहना नामुमकिन हो जाता है। जब किडनी काम करना बंद कर देती हैं तो खून में टॉक्सिन बढ़ने लगते हैं। ये सीधा अंगों तक पहुंचते हैं और उन्हें फेल कर देते हैं। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का एक ऑलराउंडर ऐसी स्थिति से जूझते हुए भी बढ़िया खेल रहा है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें पैदाइशी किडनी की बीमारी है। उनकी किडनियां एक सामान्य व्यक्ति की तरह खून साफ नहीं करती। उनका किडनी फंक्शन सिर्फ 60 प्रतिशत है, जो कि स्टेज 2 के अंदर आता है। कैमरून ग्रीन ने आगे बताया कि जब वो पैदा हुए थे तो डॉक्टर ने कहा था कि मेरे सिर्फ 12 साल तक जीने की भविष्यवाणी की थी। मगर खुशकिस्मती से आज मैं 24 साल का हूं और बढ़िया क्रिकेट खेल रहा हूं। डॉ. को इस बीमारी का पता अल्ट्रासाउंड से चला था। उन्होंने कहा था कि मेरी हाइट भी छोटी रहेगी, लेकिन आज मैं 6 फीट 6 इंच का हूं। ऑलराउंडर ने बताया कि क्रॉनिक किडनी डिजीज की पांच स्टेज होती हैं, जिसमें 5वीं सबसे खतरनाक होती है। इसमें डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ जाती है। मगर सही लाइफस्टाइल और एहतियात की मदद से वो खुद को स्टेज 2 तक सीमित रख पाए हैं। दवाएं और हेल्दी लाइफस्टाइल से किडनी का कामकाज बेहतर रखा जा सकता है।

## खतरनाक हो सकता है छींक रोकना, फट गई शख्स की सांस की नली

छींक आना आम बात है। सर्दी–जुकाम के कारण छींक आ सकती है, वहीं कभी–कभी आम दिनों में भी छींक आ जाती है। यहां तक की कई लोग तो बार–बार छींकने से परेशान ही रहते हैं, जिससे इरिटेशन होने लगती है। इसलिए कई बार लोग छींक को रोक लेते हैं। लेकिन बचपन से ही हमें बताया गया है कि छींक को रोकना नहीं चाहिए। कुछ लोग कहते हैं छींक को रोकने से दिमाग की नस फट जाती है, तो कुछ कहते हैं कि आंखें बाहर निकल आती हैं। हालांकि, हममें से कई लोग छींक रोकने की कोशिश करते हैं। लेकिन हाल ही में हुई घटना ने छींक रोकने के खतरे पर प्रकाश डाला है। बीएमजे केस स्टडी के अनुसार, एक व्यक्ति ने छींक रोकनी चाही, तो उसकी सांस की नली फट गई। रिपोर्ट में बताया गया कि– शख्स कार चला रहा था, तभी उसे बुखार आ गया। जब उसे छींक आनी शुरू हुई, तो उसने छींकने के बजाय उसे रोक दिया।

## हाइपो थायराइड के मरीज खाएं ये चीजें, खत्म होने लगेंगे लक्षण



हाइपोथायरायडिज्म एक आम समस्या जिससे बहुत से लोग पीड़ित हैं। यह बीमारी तब होती है, जब थायरॉयड ग्रंथि शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त थायराइड हार्मोन का उत्पादन नहीं करती है। चयापचय और ऊर्जा उत्पादन सहित शरीर के कई कामकाज को बढ़ावा देने के लिए थायराइड हार्मोन की जरूरत होती है। हाइपोथायरायडिज्म की बीमारी होने पर आपको कई लक्षण महसूस हो सकते हैं। इन लक्षणों में वजन बढ़ना, थकान और बहुत अधिक बाल झड़ना आदि शामिल हैं। इनके अलावा आपको कब्ज, अनियमित मासिक धर्म, ड्राई स्किन जैसे लक्षण भी महसूस हो सकते हैं। हाइपोथायरायडिज्म का इलाज क्या है? हाइपोथायरायडिज्म को कंट्रोल करने के लिए आपको अपनी डाइट पर ध्यान देना चाहिए। कुछ चीजों के सेवन से आप इसे आसानी से कंट्रोल कर सकते हैं। डायटीशियन रमिता कौर आपको कुछ चीजों के बारे में बता रही हैं, जिनके सेवन से आप इसे आसानी से कंट्रोल कर सकते हैं। हाइपोथायरायडिज्म को कंट्रोल करने के लिए आपको अपनी डाइट में आयोडीन वाली चीजों को शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप नमक, आलूबुखारा, क्रैनबेरी, केला, ट्यूना, डेयरी उत्पाद आदि का सेवन कर सकते हैं। आयरन से भरपूर चीजों के सेवन से आपको हाइपोथायरायडिज्म को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए आप बीन्स, दाल, काली किशमिश, गुड़, आलूबुखारा, अंजीर, अंडे की जर्दी, गहरे रंग की पत्तेदार सब्जियां खा सकते हैं।



**कमिंस ने किया समर्थन**

कमिंस ने लियोन को कहा कि षे अभी चार या पांच साल और खेलेंगें। उन्होंने कहा कि साल में कम से कम दस मैच होंगे तो इस लिहाज से वह 40 या 50 मैच लेंगे। लियोन 700 विकेट हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि वे शेन वार्न के 700 विकेट का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

## नाथन लियोन ने टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट पूरे किए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेल जा रही है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने टेस्ट क्रिकेट में एक खास उपलब्धि हासिल की। वे टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट हासिल करने वाले चौथे स्पिनर बन गए हैं। लियोन ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ दोनों पारियों में कुल 5 विकेट हासिल किए। लियोन ने टेस्ट मैच के चौथे दिन अपने करियर का 500वां विकेट हासिल किया। लियोन ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वार्न के बाद दूसरे स्पिनर और कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया के तीसरे 500वां विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने लियोन का समर्थन किया है और उन्हें और खेलने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस बीच लियोन 700 विकेट हासिल करने पर हंस पड़े। इससे पहले खुद शेर्न वार्न ने भी एशेज 2019 के दौरान उनका 700 विकेट रिकॉर्ड तोड़ने पर लियोन का समर्थन किया था। वार्न ने कहा कि मुझे बहुत अच्छा लगेगा, अगर कोई मेरा रिकॉर्ड तोड़ पाया। लियोन बहुत अच्छा खेल रहे हैं।

# कैसा खेलेगी सेंट जॉर्ज ओवल पार्क की पिच

**क्रिकेट**

## टीम इंडिया सीरीज को 1-0 से लीड कर रही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पोर्ट एलिजाबेथ। भारतीय क्रिकेट टीम और साउथ अफ्रीका के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला बीते रविवार को जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में भारतीय टीम ने मेजबानों को चारों खाने चित कर दिया और 8 विकेट से मैच जीत लिया। टीम इंडिया इस वक्त सीरीज को 1–0 से लीड कर रही है।

सीरीज का दूसरा मुकाबला 19 दिसंबर यानी मंगलवार को पोर्ट एलिजाबेथ के सेंट जॉर्ज ओवल पार्क में खेला जाएगा। अगर भारतीय टीम यह मुकाबला भी अपने नाम कर लेती ह। तो वह इस सीरीज पर भी कब्जा कर लेंगे। वहीं साउथ अफ्रीका के लिए यह करो या मरो का मुकाबला होगा।



ऐसे में दोनों टीमें यह मैच अपने नाम करने के लिए पूरी जान लगा देंगी। तो आइये ऐसे में जानते हैं कि साउथ अफ्रीका और भारत के बीच होने वाले दूसरे वनडे में पिच का मिजाज कैसा रहने वाला है।

सेंट जॉर्ज स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए अनुकूल साबित होती है। यहां गेंद और बल्ले के बीच अच्छा कॉन्टेस्ट देखने को मिलता है। यहां पर कुल 42 वनडे मुकाबले खेले गए हैं जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 20 तो दूसरी बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 21 मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा पहली पारी का औसत स्कोर वनडे में इस पिच पर 233 रन है जबकि दूसरी पारी का 200 रन है। इस मैदान पर वनडे का हाइएस्ट स्कोर पाकिस्तान ने 335 बनाया था। वहीं सबसे कम 112 रन का स्कोर न्यूजीलैंड के नाम है।

**दोनों टीमों का स्क्वाड इस प्रकार है:** साउथ अफ्रीका– रीजा हैंड्रिक्स, टोनी डी जोर्जी, रासी वैन डेर डुसेन, एडेन मार्करम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, केशव महाराज, नांद्रे बर्गर, तबरेज शम्सी, लिजर्ड विलियम्स, ओटनील बार्टमैन, मिहलाली म्पोंगवाना, काइल वेरिइन।

**भारत–** केएल राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), रुतुराज गायकवाड़, साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, रजत पाटीदार, रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, वाशिंगटन सुंदर, आकाश दीप।

# क्रिकेट का शौकीन, पाकिस्तानी कप्तान के घर में ब्याही बिटिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर खबर आ रही है कि वह जिंदगी और मौत के बीच लटक रहा है। कहा जा रहा है कि भगोड़े दाऊद को जहर देकर मारने की कोशिश की गई है। पाकिस्तान के कराची में किलेनुमा कोठी में छिपकर रहने वाले दाऊद इब्राहिम को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाजार गर्म है। दुनिया के मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादियों में से एक दाऊद पर ग्लोबल टेररिस्ट का ठप्पा है। क्रिकेट से भी उसका गहरा नाता रहा है।

दुबई में बैठकर मैच फिक्सिंग सिंडिकेट चलाने वाले दाऊद इब्राहिम ने पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद को अपना दामाद

### पाकिस्तान में जहर देने की अफवाह

बनाया है। कई इंटरनेशल मैच के दौरान स्टेडियम में नजर आने वाले दाउद इब्राहिम की बड़ी बेटी माहरुख इब्राहिम की शादी पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद के बेटे जुनैद के साथ 2006 में हुई थी। इस नाते दोनों एक–दूसरे के समध ी हैं। 26 दिसंबर, 1955 को बॉम्बे (आज के मुंबई) में पैदा हुए इस अपराधी को 1993 में बॉम्बे सीरीयल बम ब्लास्ट का मास्टरमाइंड माना जाता है।

पाकिस्तानी टीम के कप्तान रह चुके जावेद मियांदाद को उनके घर में नजरबंद किया जा चुका है। कुछ पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो दाऊद इब्राहिम को कराची के एक कब्रिस्तान में दफन तक किया जा चुका है। इतना ही नहीं कई इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। कराची, लाहौर, मीरपुर खास और रावलपिंडी जैसे इलाकों में यूट्यूब, फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को ठप कर दिया गया है।

वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है, जब दाऊद इब्राहिम की मौत को लेकर इस तरह खबर सामने आई हो। 2016 में गैंगरीन से, 2017 में दिल का दौरा पड़ने से तो 2020 में कोरोना संक्रमण से इब्राहिम के मौत की अफवाह उड़ चुकी है। मगर इस बार खबर पक्की बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि कराची के मुमताज हॉस्पिटल में बीते कुछ समय से उनकी किडनी का इलाज कर रहा था। इसी दौरान बीते शुक्रवार को इलाज के दौरान ही उन्हें जहर देकर मारने की रिपोर्ट्स हैं।

## मुकाबले में मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पर्थ। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 14 दिसंबर से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जा रहा था। इस पूरे मुकाबले में मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा। यह टेस्ट मैच पूरे 5 दिन भी नहीं चल पाया। चौथे ही दिन ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन के बड़े मार्जिन से धूल चटा दी। वहीं पाकिस्तान का बल्लेबाजी प्रदर्शन दूसरी इनिंग में काफी निराशाजनक रहा। वह सिर्फ 89 रन के स्कोर पर ही ऑल आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 487 रन बनाए थे। उसके जवाब में पाकिस्तान पहली पारी में 271 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट पर 233 रन बनाकर अपनी इनिंग को घोषित कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान दूसरी पारी में 450 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 89 रन पर ऑल आउट हो गई और 360 रन से मैच हार गई।

## न्यूज डायरी



### धोनी के रहते हुए पार्थिव पटेल और दिनेश कार्तिक टीम से बाहर रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। एमएस धोनी भारतीय क्रिकेट का एक ऐसा नाम है, जिसे कोई भुला नहीं सकता। भारतीय क्रिकेट के लिए धोनी ने जो किया है वो किसी और ने नहीं किया। 2007 में टी20 विश्व कप जीतने के बाद धोनी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद उन्हें भारत की वनडे और टेस्ट टीम की कप्तानी भी सौंपी गई। वे एक सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर थे। धोनी एक ऐसे ऑलराउंडर है, जिसकी तलाश टीम इंडिया को हमेशा थी। धोनी की कप्तानी में भारत ने तीन आईसीसी ट्रॉफी जीती है। इसके बाद से पिछले 10 सालों से भारत कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाया है। धोनी ने अपने डेब्यू के बाद से ही टेस्ट और वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। धोनी के रहते हुए पार्थिव पटेल और दिनेश कार्तिक टीम से बाहर रहे। रिद्धिमान साहा को भी टीम में बैकअप के तौर पर इस्तेमाल किया गया। ऐसे में अब पार्थिव पटेल ने धोनी की जमकर तारीफ की और खुलासा किया कि उन्हें टीम इंडिया के लिए क्यों चुना गया। उन्होंने धोनी की सफलता का श्रेय उनको ही दिया है। पार्थिव ने कहा कि ध्योनी महान हैं। इसमें कोई शक नहीं है, लेकिन जो आपका पहला कप्तान होता है तो आपके मन में हमेशा उनके लिए एक सॉफ्ट कॉर्नर होता है। और मेरे मन में भी यही है। मैंने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए तीन साल तक खेला है। मैं यह कह सकता हूं, लेकिन मैंने अपना टेस्ट डेब्यू या वनडे डेब्यू धोनी के टीम में आने से पहले किया था।

### जोश इंग्लिस के नाम पर लग सकती है बड़ी बोली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन का बाजार सज चुका है। 19 दिसंबर को दुबई में ऑक्शन टेबल पर कई खिलाड़ियों की किस्मत का फैसला होना है। कई दिग्गज प्लेयर्स ने इस बार की नीलामी में अपना नाम भेजा है, जिन पर जमकर पैसों की बरसात होना तय माना जा रहा है। हालांकि, कुछ ऐसे छुपे रुस्तम खिलाड़ी भी हैं, जिन पर हर बड़ी टीम की निगाहें रहने वाली है। साल 2022 से अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान को इस लीग में खेलने का मौका नहीं मिला है। हालांकि, इस बार के ऑक्शन में मुजीब के नाम पर बड़ी बोली लग सकती है। वर्ल्ड कप 2023 में अपनी घूमती गेंदों से मुजीब ने जमकर महफिल लूटी थी। भारत की पिचों पर मुजीब काफी कारगर भी साबित हो सकते हैं। दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिलीज किए जाने के बाद रोवमैन पॉवेल के नाम पर इस बार ऑक्शन में बोली लगती हुई नजर आएगी। पॉवेल अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही वह गेंद से भी अहम किरदार निभा सकते हैं। कैरेबियाई ऑलराउंडर के पास बड़े–बड़े शॉट्स लगाने की क्षमता है, जिसके चलते कई बड़ी टीमें उन पर दांव खेल सकती हैं। इंग्लैंड के इस बैटर ने आखिरी सीजन के अंत में अपनी बल्लेबाजी से जमकर महफिल लूटी थी। हालांकि, दिल्ली कैपिटल्स ने सॉल्ट को रिटेन नहीं करने का फैसला लिया है। सॉल्ट की खास बात यह है कि वह काफी तेजी से रन बटोर सकते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग–डे टेस्ट टीम का किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तीन मैचों की सीरीज में एक जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न में पाकिस्तान के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए अपने 13 खिलाड़ियों के दस्ते का ऐलान किया है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विनर्स ने पर्थ में रविवार को 360 रनों की जीत की टीम में बदलाव किया है। इस बार ऑस्ट्रेलिया ने बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए 13 की जगह 14 खिलाड़ियों के नामों का ऐलान किया है। अनकैप्ड तेज गेंदबाज लांस मॉरिस घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए लौट गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस की अनुभवी तेज तिकड़ी मोर्चा संभालेगी, जबकि स्कॉट बोलैंड को भी 14 प्लेयर्स में रखा है। युवा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन एक और खिलाड़ी हैं जो प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के लिए दौड़ में हैं, लेकिन कप्तान पैट कमिंस को लगता है कि टीम में कोई बदलाव करना मुश्किल है। इस बारे में उन्होंने कहा– मुझे नहीं लगता कि चोट से कोई समस्या होगी। इस स्तर पर यह काफी समान लाइन–अप होगा। मुझे लगता है कि सभी गेंदबाज काफी तरोताजा हैं। यह मूल रूप से गर्मियों की आदर्श शुरुआत है। पहले टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र चोट की चिंता स्टार बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन की थी।

पेज थ्री देहरादून
देहरादून, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023
पेज 8
हमारा दून

25 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के सदस्यों छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार।



## संक्षिप्त समाचार

### गांव स्तर पर होगी मानसिक स्वास्थ्य की जांच

**संवाददाता** देहरादून। मानसिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा अब गांव स्तर पर शुरू होगी। निमास और आश्रय ट्रस्ट के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग मुनस्यारी तहसील से इसकी शुरूआत करने जा रहा है। देश में अभी तक मानसिक स्वास्थ्य की सुविधाएं जिला स्तर पर ही हैं। लेकिन अब इसे निचले स्तर पर पहुंचाने का काम शुरू हो गया है। इसके तहत देश में दो तहसीलों का चयन किया गया है। जिसमें उत्तराखंड की मुनस्यारी और कर्नाटक की बेलूर तहसील शामिल हैं। राज्य में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को देख रहे संयुक्त निदेशक डॉ मयंक बडोला ने बताया कि इस परियोजना के तहत मुनस्यारी तहसील के हर गांव में मानसिक स्वास्थ्य की जांच का अभियान शुरू किया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं

**संवाददाता** देहरादून। पर्यावरण गतिविधि देहरादून के अभ्यास वर्ग का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मांडूवाला में किया गया। कार्यक्रम में 54 पर्यावरण प्रहरी मौजूद रहे। प्रांत संयोजक व मुख्यअतिथि सच्चिदानंद भारती ने पर्यावरण गतिविधि के मार्च 2019 से शुरू होने से अब तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा के बारे में बताया। देहरादून विभाग के विभाग संयोजक कैलाश मैलाना ने जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन विषय पर विचार रखे।

### 25 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के सदस्यों छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून । साइबर क्राइम पुलिस ने मेक डोनाल्ड व केएफसी आदि रैस्टोरेंट की फ्रैन्चाईजी दिलाने के नाम पर 25 लाख की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को छत्तीसगढ़ से बी वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर दून लाये। मिली जानकारी के अनुसार एक प्रकरण साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ था। जिसके आधार पर साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन देहरादून पर मुकदमा दर्ज किया गया ।

### चोरी की एक्टिवा के साथ एक गिरफ्तार

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस ने चोरी की एक्टिवा के साथ एक को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहाँ से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सादिक खान पुत्र प्रवेज खान पटेलनगर द्वारा अपने वाहन स्कूटी एक्टिवा चोरी होने के सम्बन्ध में कोतवाली पटेल नगर पर तहरीर दी थी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आज पुलिस ने चोरी की स्कूटी एक्टिवा के साथ एक को गिरफ्तार कर लिया।

# गुड गवर्नेस मॉडल राज्य बनाने की दिशा में तेजी से किए जाए कार्य: सीएम

**बैठक**

■ मुख्यमंत्री ने आधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक, दिए निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किये जाएं। उत्तराखण्ड को गुड गवर्नेस मॉडल राज्य बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किए जाएं। डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान हुए करारों को तेजी से धरातल पर उतारा जाए।

मुख्यमंत्री ने डीजीपी अभिनव कुमार को निर्देश दिये कि ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए जाए। इस अभियान को मिशन मोड पर लिया जाए, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य विभाग और नशा मुक्ति के लिए कार्य कर रहे संगठनों को भी इस अभियान में शामिल किया जाए।




उन्होंने कहा कि मार्च 2024 तक यह अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए। शिक्षण संस्थानों में नशे के दुःष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के साथ उनके अभिभावकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड गवर्नेस की दिशा में और तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने सचिव आई.टी. डी.ए शैलेश बगोली को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक सेवाएं ऑनलाइन की जाएं। सभी विभाग समयबद्धता के साथ पत्रावलियों का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाईन सेवाओं का लाभ आम जन आसानी से उठा सकें, इसके लिए जनपदों में विभागों के माध्यम से ऑनलाईन सेवाओं के बारे में जानकारी दी जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये पत्रावलियों की अधिक पेडेंसी रखने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाए। उन्होंने कहा कि जन सुविधा के दृष्टिगत अपणि सरकार पोर्टल पर अधिक से अधिक सेवाएं जोड़ी जाए। लोगों को उनके घरों पर ही अधिक से अधिक सुविधाएं मिले, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत हुए करारों की ग्राउडिंग के लिए तेजी से कार्य किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि निवेशकों को कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और मजबूत बनाया जाए। जिन निवेश प्रस्तावों से राज्य में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ने की संभावनाएं हैं और जो प्रस्ताव राज्य के अनुकूल हों उन्हें पहली प्राथमिकता पर रखने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी अंशुमन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी और अपर सचिव जे.सी. काण्डपाल उपस्थित थे।

### पदोन्नति कोटा बढ़ाने को नए सिरे से आंदोलन की तैयारी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति कोटा बढ़ा कर 58.33 प्रतिशत किए जाने की मांग तेज कर दी है। जूनियर इंजीनियरों को पहली एसीपी में दो इंक्रीमेंट का लाभ दिए जाने को लेकर भी मैनेजमेंट की घेरेबंदी तेज कर दी है। एसोसिएशन ने मैनेजमेंट से लेकर शासन स्तर पर मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव पवन रावत ने बताया कि प्रदेश भर के पॉवर डिप्लोमा इंजीनियरों में मैनेजमेंट के स्तर पर बरती जा रही लापरवाही को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अभी तक सहायक अभियंता पद पर प्रमोशन कोटा बढ़ाने को लेकर कोई फैसला नहीं किया जा रहा है। सालों से इस मांग को उलझाया जा रहा है। सिर्फ कोरे आश्वासन देकर समय निकाला जा रहा है।

इस बार प्रमोशन कोटा बढ़ाए जाने को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। आंदोलन की रणनीति बनाने को 23 दिसंबर को संघ भवन माजरा में केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है।

# अधिकारियों को शियाकतों का समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

**जनसुनवाई**

■ मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जनसुनवाई का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का अयोजन किया गया। जनसुनवाई में सोमवार को 112 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर प्रकरण भूमि विवाद सम्बंधी प्राप्त हुए, इसके अतिरिक्त अवैध निर्माण, अतिक्रमण, आपसी विवाद, धनराशि वापस दिलाने, चौक बांउस एवं सिंचाई, शिक्षा, पंचायतीराज, जल संस्थान, लोनिवि, नगर निगम, पीएमजीसीआई, पूर्ति विभाग, एनएचएआई भूमि मुआवजा, वन, एमडीडीए आदि विभागों से समबन्धित प्राप्त हुई, जिनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिए गए।



मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित शिकायत पटल प्रभारी कलेक्ट्रेट को निर्देश दिए की जो शिकायतें प्राप्त हुई हो रहीं उनके निस्तारण की स्थिति की सूचना शिकायत करता को भी उपलब्ध कराएं।

जनसुनवाई में जोहड़ी गांव में रास्ते पर कब्जा करने की शिकायत पर तहसीलदार सदर को जांच के निर्देश दिए। डोईवाला में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत पर एमडीडीए को कार्यवाई के निर्देश दिए। थानों में भूमाफियाओं द्वारा खेती की भूमि खुर्दबुर्द करने, की शिकायत पर उप जिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाई के निर्देश दिए। फुलसनी में ग्राम सभा व वनभूमि का सीमांकन करने के अनुरोध पर उप जिलाधिकारी विकासनगर एवं वन विभाग को संयुक्त निरीक्षण करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

ईस्ट हॉपटाउन ने कोर्ट के रोक उपरांत भी निर्माण कार्य करने की शिकायत पर एसडीएम विकासनगर को कार्यवाई के निर्देश दिए। नगर निगम ऋषिकेश अंतर्गत व्यक्तिगत भूमि पर सीसी सड़क निर्माण करने की शिकायत पर नगर अधिकारी नगर निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए।

### बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का किया विरोध

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस ने बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि कई राज्य सरकारें जनता को मुफ्त बिजली दे रही हैं, वहीं उत्तराखंड में लगातार बिजली कीमती बढ़ाना समझ से परे है। उन्होंने घरेलू उपभोग के लिए मात्र डेढ़ रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली देने की मांग की। साथ ही राज्य के किसानों को मुफ्त बिजली देने और विद्युत सरचार्ज, मीटर किराया समाप्त करने की मांग रखी है। इधर, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने भी बिजली की कीमतों के बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव का विरोध किया है। कहा कि दूसरे राज्यों में चुनावी घोषणाओं में फ्री बिजली का वायदा किया जाता है, लेकिन उत्तराखंड में कीमतें लगातार बढ़ाई जा रही हैं। सुनील कुमार बांगा, सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार आदि ने बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव का विरोध किया है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+


Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।